आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 14.06.2026

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है।
- कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने रुद्रप्रयाग के खलियाण बांगर क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।
- हरिद्वार में कल होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।
- **और,** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। ।

---

**नितिन गडकरी**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाया है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है और इसका दायरा अब वरिष्ठ नागरिकों तक भी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

श्री गडकरी ने कहा कि ई–संजीवनी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म और स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहलें देश में समावेशी और सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

---

**कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी**

कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने रुद्रप्रयाग के जखोली विकासखंड के खलियाण बांगर क्षेत्र में हाल ही में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए तथा नुकसान का शीघ्र आकलन कर नियमानुसार मुआवजा और अन्य सहायता प्रदान की जाए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मानसून सत्र शुरू होने वाला है, इसलिए सभी विभाग आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूरी रखें। उन्होंने राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाओं, जेसीबी मशीनों और रेस्क्यू टीमों को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश भी दिए।

---

**कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत टपकेश्वर मंदिर प्रांगण में विशेष सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के शहीद दुर्गामल्ल मंडल के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मंदिर परिसर एवं तमसा नदी में स्वच्छता कार्य किया और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्री जोशी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान सहित अन्य पार्टी के कार्यक्रमों में बढ–चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सतत सामाजिक संकल्प है।

---

**नैनीताल**

नैनीताल के ज़िलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कल आयोजित होने वाले श्री कैंची धाम मेला के मद्देनजर भीमताल और बेतालघाट विकासखंड अंतर्गत संचालित समस्त विद्यालयों और आँगनबाड़ी केंद्रों में एकदिवसीय अवकाश घोषित कर दिया है। जबकि इन विकासखंड अंतर्गत स्थित सभी सरकारी कार्यालय कामकाज के लिए सामान्य रूप से खुले रहेंगे।

---

**पौड़ी**

बीमार पशुओं को अब एक फोन कॉल पर पशु चिकित्सक स्वयं पशुपालकों के घर–द्वार तक पहुंचकर उपचार उपलब्ध करा रहे हैं। 1962 मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट सेवा पौड़ी जिल में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की नयी पहचान बनकर उभरी है।

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अंतर्गत संचालित सेवा पौड़ी के द्वारीखाल, एकेश्वर, जयहरीखाल, कल्जीखाल, नैनीडांडा, पाबौ, पौड़ी तथा थलीसैंण विकासखंडों में आठ मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट संचालित की जा रही हैं। इन यूनिटों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पशुपालकों को उनके घर–द्वार पर ही निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि 1962 मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट सेवा का उद्देश्य पशुपालकों को त्वरित, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

---

**हरिद्वार**

हरिद्वार में कल होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों को अपने–अपने ड्यूटी मुस्तैदी से निभाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि सोमवती अमावस्या को लेकर आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी तरह की अभी

सुविधा न हो इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है, साथ ही पार्किंग स्थलों को भी आरक्षित कर दिया गया है ।

मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि मनसा देवी पैदल मार्ग को भी खोलने का आग्रह किया है ताकि भीड़ के दबाव को अलग–अलग भागों में बांटा जाए।

---

**केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्तदान किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का सर्वाधिक प्रभावी और पावन अवसर है। उन्होंने रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है– मानवता की एक बूंद– रक्तदान करें, जीवन बचाएं। सुरक्षित रक्त के महत्व के बारे में जागरुकता लाने और स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

---

**गोपे"वर**

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर गोपेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादानष कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा चमोली के चेयरमैन ओमप्रकाश डोभाल ने कहा कि समाज सेवा के अनेक माध्यम हैं, लेकिन किसी का जीवन बचाने में रक्तदान की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

---

मौसम

प्रदेश में फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा। मौसम विभाग ने 11 जिलों में बारिश और तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में प्री–मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कई जिलों में बारिश, बिजली चमकने और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। देहरादून समेत 11 जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो 22 जून के आसपास राज्य में मानसून की दस्तक हो सकती है। फिलहाल प्री–मानसून बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

---